# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है दीपावली का त्योहार, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं।
2. रांची में रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या करने वाले अपराधी की पुलिस के साथ मुठभेड़, अपराधी को पैर में लगी गोली, गिरफ्तार।
3. झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए आरक्षण तय करने की प्रक्रिया शुरू, रांची और आदित्यपुर नगर निगम में मेयर का पद एसटी के लिए रहेगा आरक्षित।
4. रांची की टेनिस खिलाड़ी अलभ्या ने रायपुर में खेले जा रहे एआईटीए सीएस 7 टेनिस टूर्नामेंट में अंडर–12 बालिका वर्ग डबल्स के फाइनल में बनाई जगह।

और

5. मौसम विभाग ने आज राज्य के चार जिलों में बारिश की संभावना जताई, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव।

********************

देशभर में आज पूरे हर्षोल्लास के साथ दिपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि खुशी का यह त्योहार आत्म–चिंतन और आत्म–सुधार का अवसर है और यह आपसी स्नेह और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी से सुरक्षित, ज़िम्मेदारीपूर्वक और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से दिवाली मनाने का आग्रह किया है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि दिवाली बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का उत्सव है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने समूचे देश में सकारात्मकता की भावना के प्रसार की भी कामना की। इधर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं दी हैं।

********************

उपराजधानी दुमका में रोशनी के त्योहार दीपावली पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वोकल फॉर लोकल के संकल्प को लोग पूरा कर रहे हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मिट्टी के दीयों को खरीद रहे हैं। मिट्टी के दीयों की मांग से मिट्टी के शिल्पकार भी बेहद खुश हैं।

********************

रांची स्थित एक रेस्टोरेंट मालिक की गोली मारकर हत्या करने वाले अपराधी की रांची पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ की घटना रविवार की रात जिले के कांके थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू स्थित आईटीबीपी कैंप के आसपास हुई है। पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में कांके रोड स्थित चौपाटी रेस्टोरेंट के विजय नाग की गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी अभिषेक सिंह को गोली लगी है। बता दें कि शनिवार की देर रात अभिषेक सिंह ने रेस्टोरेंट के मालिक विजय नाग की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जिसके बाद वह मौके से फरार हो गया था। मामले की

गंभीरता को देखते हुए एसएसपी राकेश रंजन ने फरार हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया था। एसएसपी के द्वारा गठित विशेष टीम के साथ आइटीबीपी कैंप के आसपास अभिषेक ने पुलिस के ऊपर गोलीबारी शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस के द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई।

********************

झारखंड में नगर निकाय चुनाव के लिए आरक्षण तय करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जानकारी के अनुसार, रांची और आदित्यपुर नगर निगम में मेयर का पद अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित रहेगा। वहीं गिरिडीह में मेयर की सीट अनुसूचित जाति (एससी) को और हजारीबाग में पिछड़ी जाति (ओबीसी) को मिलेगी। बाकी के 5 नगर निगम—देवघर, धनबाद, चास, मेदिनीनगर और मानगो— अनारक्षित रहेंगे। राज्य सरकार ने हाल ही में नगरपालिका निर्वाचन नियमावली में संशोधन किया है, जिसके बाद नगर विकास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य में आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती, इसलिए 9 में से 4 मेयर पदों को ही आरक्षित रखा गया है।

********************

खूंटी जिले के रांची—टाटा राजमार्ग तमाड़ के दिऊड़ी मंदिर के पास जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही तेज रफ्तार से आ रही कंटेनर ट्रक पीछे से टैंकर से जा भिड़ी। इस हाइसे में चालक की मौत हो गई। चालक की पहचान पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार निवासी तपन दास के रूप में हुई है।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू किए गए वस्तु और सेवा कर—जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है।

********************

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पलामू जिला प्रशासन ने हुसैनाबाद छतरपुर और सदर के चैनपुर में आधुनिक पब्लिक लाइब्रेरी का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

********************

रायपुर स्थित एपिसेम अकादमी में आयोजित टेनिस टूर्नामेंट में रांची की टेनिस स्टार अलभ्या ने अंडर—12 बालिका वर्ग डबल्स के फाइनल में अपनी जगह बनाई। 10 से 17 अक्टूबर के बीच आयोजित इस टूर्नामेंट में अलभ्या हर्ष और ब्राह्मणी पोनम की जोड़ी ने एक कड़े मुकाबले में फागुन ज्योति और वण्या पुंडीर की जोड़ी के साथ लम्बा संघर्ष किया और उप विजेता घोषित की गई।

********************

रांची विश्वविद्यालय आर्चरी टीम की घोषणा कर दी गई यह टीम भटिंडा में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय आर्चरी प्रतियोगिता में भाग लेगी टीम कल रांची से भटिंडा के लिए रवाना होगी टीम रवानगी से पूर्व रांची विश्वविद्यालय के खेल कोऑडिनेटर डॉ राजेश गुप्ता ने टीम को बधाई दी।

********************

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से रांची के खेलगांव स्थित गणपत राय इनडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलो झारखंड के मंच से पहली बार 20 जिलों के स्कूली पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और राज्य में कुश्ती के उज्जवल भविष्य की झलक प्रस्तुत की। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड कुश्ती संघ के महासचिव श्री रजनीश कुमार और राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए. सोरेंग ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

********************

मौसम विभाग ने आज राज्य के चार जिलों में बारिश की संभावना है। इस दिन न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार, राज्य के जिन जिलों में बारिश होने की संभावना है, उनमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां शामिल हैं।

********************

अखबरों की सुर्खिया

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने रांची में रेस्टोरेंट मालिक की हत्या और उसके आरोपी की एनकाउंटर की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा–बिरयानी विवाद में रेस्टोरेंट में घुसकर मारी गोली।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार चुनाव में छह सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है–पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है।

हिंदुस्तान ने बिहार चुनाव में महागठबंधन के दलों के बीच दरार की खबरों को प्रमुखता दी है।

दैनिक जागरण और रांची एक्सप्रेस ने अयोध्या में 26 लाख दिये जलाने की खबर को सुर्खी बनाई है।

अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने बिहार में एनडीए के चुनाव प्रचार की खबरों को पहले पन्ने पर जगह दी है।

********समाप्त********